INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	**Department: Hindi**	
Worksheet No: 13	Topic: Paragraph Worksheet	Note: Pl. file in portfolio

प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -

श्रीनगर भारत के जम्मू और कश्मीर राज्य का सबसे बड़ा शहर और ग्रीष्मकालीन राजधानी है। यह कश्मीर घाटी में झेलम नदी के किनारे बसा हुआ एक खूबसूरत शहर है, । प्रसिद्ध डल झील और आंचार झील भी इस नगर-की शोभा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।1700 मीटर ऊँचाई पर बसा श्रीनगर शहर विशेष रूप से झीलों और हाऊसबोट के लिए जाना जाता है। श्रीनगर का सबसे बडा आकर्षण यहाँ की डल झील है। कमल के फूलों से सजी रहने वाली डल झील पर कई ख़ूबसूरत नावों पर तैरते घर भी हैं जिनको हाउसबोट या शिकारा कहा जाता है। सैलानी घंटों इसके किनारे घूमते रहते हैं या शिकारे में बैठ नौका विहार का आनंद लेते हैं। कश्मीर घाटी के मध्य में बसा यह नगर भारत के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। श्रीनगर अपने उद्यानों व प्राकृतिक वातावरण के लिए जाना जाता है और यहाँ के कश्मीरी शॉल व मेवा देशभर में प्रसिद्ध है। श्रीनगर विभिन्न मंदिरों व मस्जिदों के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है। इसके अलावा श्रीनगर परम्परागत कश्मीरी हस्तशिल्प और सूखे मेवों के लिए भी विश्व प्रसिद्ध है। श्रीनगर का इतिहास काफी पुराना है। माना जाता है कि इस जगह की स्थापना सम्राट अशोक मौर्य ने की थी। श्रीनगर जिला कारगिल के उत्तर, पुलवामा के दक्षिण, बुद्धगम के उत्तर-पश्चिम के बगल में स्थित है। शहर के आस-पास के क्षेत्र एक ज़माने में दुनिया के सबसे मनमोहक पर्यटन स्थल माने जाते थे -जैसे डल झील, शालिमार और निशात बाग़, गुलमर्ग,पहलगाम, चश्माशाही आदि। श्री नगर में ही शंकराचार्य मंदिर है। यह मंदिर शंकराचार्य पर्वत पर स्थित है। शंकराचार्य मंदिर समुद्र तल से 1100 फीट की ऊँचाई पर स्थित है। कुछ और दूर अनन्तनाग ज़िले में शिव को समर्पित अमरनाथ की गुफा है जहाँ हज़ारों तीर्थयात्री जाते हैं। श्रीनगर से तीस किलोमीटर दूर सूफ़ी संत शेख़ नूरुद्दिन वली की दरगाह चरार-ए-शरीफ़ है।

प्रश्न -1 श्रीनगर भारत के किस राज्य का सबसे बड़ा शहर और ग्रीष्मकालीन राजधानी है ?

⁕ जम्मू और कश्मीर राज्य का ⁕पंजाब राज्य का ⁕ हिमाचल प्रदेश का ⁕ मुम्बई राज्य का

प्रश्न -2 श्रीनगर कश्मीर घाटी में किस नदी के किनारे बसा हुआ एक खूबसूरत शहर है ?

⁕ झेलम नदी के किनारे ⁕ ब्यास नदी के किनारे

⁕ यमुना नदी के किनारे ⁕ गंगा नदी के किनारे

प्रश्न -3 नगर-की शोभा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका कौन निभाती हैं?

* डल झील और आंचार झील   * गंगा नदी   * सो झीलें   * रानी की तलैया

प्रश्न -4 श्रीनगर का सबसे बडा आकर्षण क्या है?

* यहाँ की सुखना झील *   * यहाँ की डल झील
* यहाँ की मानसरोवर झील   * यहाँ की शेषनाग झील

प्रश्न -5 सैलानी शिकारे में बैठ कर क्या करते हैं?

* नौका विहार का आनंद लेते हैं।   * मछलियाँ पकड़ते हैं।
* दूसरे देशों की सैर करते हैं   * कश्मीर की सैर करते हैं

प्रश्न -6 यहाँ की कौन सी वस्तुएँ देशभर में प्रसिद्ध हैं?

* कश्मीरी शॉल व मेवा   * कश्मीरी सड़के और गलियाँ
* कश्मीरी पेड़-पौधे   * कश्मीरी घर तथा महल

प्रश्न -7 श्रीनगर शहर कितने मीटर ऊँचाई पर बसा है?

* 1500 मीटर   * 1600 मीटर   * 1700 मीटर   * 1800 मीटर

प्रश्न -8 इस जगह की स्थापना किस सम्राट ने की थी ?

* सम्राट अशोक मौर्य ने   * सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य ने
* सम्राट समुन्द्रगुप्त मौर्य ने   * सम्राट बिंदु मौर्य ने

प्रश्न -9 अनन्तनाग ज़िले में शिव को समर्पित कौन- सी गुफा है?

* अमरनाथ की गुफा   * श्रीनगर की गुफा
* श्रीनाथ की गुफा   * कश्मीर की गुफा

प्रश्न -10 गद्यांश में से ढूँढ़कर निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए

* 1 अनेक ---------------   * 2 बदसूरत ---------------
* 3 गाँव ---------------   * 4 नया ---------------

****